समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# शुभमन गिल का तीसरे दिन का मास्टर प्लान तैयार, बोले- 'इंग्लिश बल्लेबाजों को करेगें फ्रस्ट्रेट'.

Publisher

Published on 04 Jul 2025




## दूसरे टेस्ट मे भारत की मजबूत पकड़, कप्तान गिल की ऐतिहासिक पारी के बाद अब गेदंबाजों के लिए खास रणनीति तैयार।

**शुभमन गिल का तीसरे दिन का मास्टर प्लान तैयार, बोले- 'इंग्लिश बल्लेबाजों को करेगें फ्रस्ट्रेट'.**

**IND vs ENG 2nd Test Match: भारत और इंग्लैडं** के बीच **एजबेस्टन** में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में **टीम इंडिया** ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। **कप्तान शुभमन गिल** की ऐतिहासिक पारी और **भारतीय गेदंबाजों** के दमदार प्रदर्शन ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके दे दिए हैं। भारत ने पहली पारी में **587 रन** का बड़ा स्कोर खड़ा किया और इंग्लैंड के तीन विकेट केवल **77 रन** पर गिरा दिए। अब तीसरे दिन के लिए कप्तान **गिल** ने साफ रणनीति तैयार कर ली है: **इंग्लिश बल्लेबाजों को मानसिक रूप से थकाकर गलतियां करवाना**।

**'हम उन्हे निराश कर देगें': गिल**

तीसरे दिन की रणनीति के बारे में पूछे जाने पर शुभमन गिल ने कहा, "जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती है, विकेट से मदद मिलनी कम हो जाती है। इसलिए जरूरी है कि हम एक ही एरिया में लगातार गेंदबाजी करें और इंग्लिश बल्लेबाजों को निराश करें। अगर हम उन्हें पूरे मैदान में रन बनाने देंगे तो उन्हें रोकना मुश्किल हो जाएगा।"

गिल का मानना है कि विपक्षी बल्लेबाज जब रन बनाने के लिए संघर्ष करेंगे तो दबाव में आकर गलत शॉट खेलेंगे और भारत को विकेट मिलेंगे।

### बचपन की बैटिंग ने रचा इतिहास

**शुभमन गिल** ने इस टेस्ट में **8 घंटे** से अधिक बल्लेबाजी करते हुए शानदार **269 रनों** की ऐतिहासिक पारी खेली। उन्होंने बताया कि इस पारी के पीछे उनका फोकस और बचपन की बैटिंग स्टाइल है। गिल ने कहा, "हाल के मैचों में मैं 30-40 रन बनाकर आउट हो रहा था, क्योंकि मेरा फोकस टूट जाता था। इस बार मैंने बेसिक्स पर ध्यान दिया। बचपन में जैसे खेलता था, वैसे ही खेलने की कोशिश की। किसी आंकड़े के बारे में सोचा नहीं, बस हर गेंद को एंजॉय किया और नतीजा आपके सामने है।"

### तीसरे दिन गेदंबाजों के लिए सटीक प्लान

गिल के मुताबिक, इंग्लैंड की पिच पर रन बनाना आसान नहीं है, लेकिन गेंदबाजों के लिए भी यह पिच बहुत मददगार नहीं है। इसलिए टीम इंडिया का प्लान है कि गेंदबाज लगातार एक जैसी लाइन और लेंथ पर बॉलिंग करें। इससे बल्लेबाजों को रन बनाने में दिक्कत होगी और वे थककर गलती करेंगे।

भारतीय गेंदबाजों को गिल ने साफ निर्देश दिए हैं कि फालतू की आक्रामकता के बजाय धैर्य दिखाएं और इंग्लिश बल्लेबाजों को अपने ही खेल में फंसाएं।

### गिल की कप्तानी और बल्लेबाजी दोनों मे धमाल

अब तक इस मैच में **शुभमन गिल** ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज दोनों ही रोल में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। अगर भारतीय गेंदबाज उनकी रणनीति के मुताबिक गेंदबाजी करते हैं तो तीसरे दिन इंग्लैंड के लिए मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।

टीम इंडिया ने मैच की शुरुआत से ही इंग्लैंड पर दबाव बनाया है और तीसरे दिन इसी दबाव को बनाए रखने की योजना है। अगर सब कुछ योजना के अनुसार होता है तो भारत को इस टेस्ट में बड़ी जीत मिल सकती है।

शुभमन गिल की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ **एजबेस्टन टेस्ट** में अपना दबदबा कायम रखा है। गिल की रणनीति बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए स्पष्ट है: धैर्य रखो, मौके का इंतजार करो और विपक्षी टीम को उनकी ही गलतियों से हराओ। तीसरे दिन भारत का मकसद इंग्लिश बल्लेबाजों को मानसिक रूप से थकाकर आउट करना होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.